Reg. No. : ....

Name : ....

M 27199

BRENNEN COLLEGE LIBRARY TELLICHERRY

II Semester M.A./M.Sc./M.Com. Degree (Reg./Supple./Imp.) Examination, March 2015
HINDI LANGUAGE AND LITERATURE
HIN 2 C08 : Modern Hindi Prose Forms
(2014 Admn. Onwards)

Time : 3 Hours Max. Marks : 80

I. किन्हीं **चार** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **(4×6=24)**

1) जो साहित्य अपने आप के लिए लिखा जाता है, उसकी क्या कीमत होती है, मैं नहीं कह सकता, परन्तु जो साहित्य मनुष्य समाज का रोग-शोक, दारिद्र्य, अज्ञान तथा परमुखापेक्षिता से बचाकर उसमें आत्म-बल का संचार करता है, वह निश्चय हो अक्षय निधि है।

2) निश्चलता में एक एक कम्पन को देख लेना आँखों के लिए अपेक्षतया आसान है, आँधी में काँपते हुए समूचे वृक्ष की हलचल में एक निश्चल पत्ते को ढूँढ लेना कहीं कठिन है।

3) मैं सुख भी हैं और दु:ख भी। नि:संतान के घर, उमर चढे पुत्र हो, पर प्रसव में स्त्री मर जाए, तो उसे कैसे लगेगा।

4) लेकिन एक बार फिर से सोच लो मास्टर साहब अपनी जिन्दगी के बारे में, जो तुम जी रहे हो, वह तुम्हारी जिन्दगी नहीं है, नकल है, नाटक है दिखावा है।

5) पुराने धार्मिक लोग उपासना का अर्थ 'ध्यान' ही लिया करते हैं। जो वस्तु हमसे अलग है, हमसे दूर प्रतीत होती है उसकी मूर्ति मन में लाकर उसके सामीप्य का अनुभव करना ही उपासना है।

6) मैं ने कितने रक्त-प्रवाह की शारीरिक सीमाएँ नष्ट कर उन्हें पृथ्वी पर बहने की पूर्ण स्वतंत्रता दी है।

II. किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (अधिकतम **150** शब्दों में) **(4×5=20)**

1) अज्ञेय की गद्य-शैली की विशेषता।

2) मनुष्य ही साहित्य का आधार है-स्पष्ट कीजिए।

3) 'कविता क्या है' निबन्ध का लक्ष्य।

4) रामकुमार वर्मा ने 'चारुमित्रा' में नारी चरित्र का सजीव वर्णन किया है – समर्थन कीजिए।

P.T.O.

5) शुक्लजी की निबन्धकला का परिचय दीजिए।

6) 'उपेन्द्र नाथ अश्क ने अपने एकांकियों में जीवन के यथार्थ को महत्व दिया है' – अपना तर्क प्रकट कीजिए।

7) ''गेहूँ का सुख'' में चित्रित व्यंग्य पर प्रकाश डालिए।

III. किन्हीं **तीन** प्रश्नों पर निबन्ध लिखें : (अधिकतम **300** शब्दों में) **(3×12=36)**

1) पठित निबन्धों के आधार पर महादेवी वर्मा के रेखाचित्रों की विशेषताएँ बताइए।

2) ''मम्मी ठकुराइन' में लक्ष्मीनारायण लाल ने मध्यवर्गीय जीवन की सम्पूर्ण मनः स्थितियों को प्रस्तुत किया है'' – विचार कीजिए।

3) गद्य के उद्भव और विकास पर प्रकाश डालिए।

4) निबन्ध के भेदों का परिचय दीजिए।

5) पीपल के आधार पर अज्ञेय की निबन्ध –कला पर विचार कीजिए।